तापमान

अधिकतम 26.8 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

# हरिभूमि रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025



11 आईएचटीएम में स्थापना दिवस पर डाली आहुति





12 श्री शिव मंदिर में भागवत कथा शुरू




## खबर संक्षेप

### एमडीयू : लीगल लिटरेसी पर कार्यशाला आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सैल 21 फरवरी को- लीगल लिटरेसी, फाइनेंशियल लिटरेसी, एनवायरमेंटल इश्यूज एंड हेल्थ अवेयरनेस विषयक एक दिवसीय यूनिवर्सिटी लेवल अवेयरनेस कैंप/वर्कशाप का आयोजन करेगी।एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी ने बताया कि इस अवसर पर डिजिटल इंडिया विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। कुलसचिव प्रो. कृष्णकांत बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से आईएचटीएम सेमिनार हॉल में प्रारंभ होगा।

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 23 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केन्द्र तथा संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद के जन्म की द्विशताब्दी के उपलक्ष्य में 23-24 फरवरी को- महर्षि दयानंद सरस्वतीः जीवन एवं दर्शन विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केन्द्र के अध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ 22 फरवरी को प्रातः 8.30 बजे मातूराम यज्ञशाला में यज्ञ एवं भजन कार्यक्रम से होगा। तदुपरांत राधाकृष्णन सभागार में 11 बजे से संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र आयोजित किया जाएगा। 24 फरवरी को समापन सत्र शिक्षक विकास केन्द्र में अपराह्न 3 बजे आयोजित किया जाएगा।

### अवैध शराब की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी सुखपुरा की टीम कच्चा चमारिया रोड के पास गश्त पर थी। इस दौरान सूचना के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कच्चा चमारिया रोड रामकरण वैध वाली गली से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रवि उर्फ प्रशासन निवासी फतेहपुरी कॉलोनी के रुप में हुई। युवक के पास प्लास्टिक कट्टे से 5 पेटी जो कुल 36 बोतल, 24 अध्धे व 47 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है।

# नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन, ईवीएम का किया रेंडमाइजेशन

**रोहतक नगर निगम व कलानौर नगरपालिका का चुनाव दो मार्च को**

- नगर निगम के 285 मतदान केंद्रों के लिए 750 बैलेट यूनिट और 750 कंट्रोल यूनिट रेंडोमाइजेशन किया गया
- नगर पालिका कलानौर के 16 मतदान केन्द्रों के लिए 50 बैलेट यूनिट एवं 50 कंट्रोल यूनिट को चेक किया
- 2 मार्च को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा
- जरूरत पड़ने पर किसी भी बूथ पर पुनः मतदान चार को होगा
- वोटों की गिनती 12 मार्च को सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी
- उधर, प्रत्याशियों ने चुनाव में झोंकी अपनी ताकत
- शहर में डोर टू डोर प्रचार कर रहे पार्षद पद के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम रोहतक और कलानौर नगरपालिका के लिए दो मार्च को रहे मतदान के लिए प्रशासन अब तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। वोटिंग के लिए अब दस दिन बचे हैं। ऐसे में अधिकारियों ने वीरवार को नगर निगम के 285 मतदान केन्द्रों के लिए 750 बैलेट यूनिट व 750 कंट्रोल यूनिट तथा नगर पालिका कलानौर के 16 मतदान केन्द्रों के लिए 50 बैलेट यूनिट एवं 50 कंट्रोल यूनिट का रेंडोमाईजेशन किया। इधर चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने मतदाताओं से निजी संपर्क साधना प्रारंभ कर दिया है। अपनी जीत पक्की करने के लिए प्रत्याशी हर प्रकार के प्रयास कर रहे हैं।

### वार्डों में कांटे की टक्कर

जिन वार्ड में दो-दो उम्मीदवार शेष बचे हैं, उनमें से एकाध वार्ड किसी खास वजह से काफी चर्चित है। कहा जा रहा है कि साम-दाम दंड अपनाकर बाकि उम्मीदवारों के नाम वापस करवा दिए गए हैं। यानि के अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके मुकाबला आमने-सामने का करवा लिया है। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 2 मार्च को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। किसी भी बूथ पर पुनः चुनाव की आवश्यकता पड़ने पर 4 मार्च को संबंधित बूथ पर दोबारा मतदान कराया जाएगा। वोटों की गिनती 12 मार्च को सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। मतगणना संपन्न होने पर चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा

निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 2 मार्च को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। किसी भी बूथ पर पुनः चुनाव की आवश्यकता पड़ने पर 4 मार्च को संबंधित बूथ पर दोबारा मतदान कराया जाएगा। वोटों की गिनती 12 मार्च को सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी। मतगणना संपन्न होने पर चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। नगर निगम चुनाव के लिए शहर में 285 बूथ बनाए गए हैं। इसमें औसत वोटर संख्या 1120 प्रति बूथ है।



- नगर निगम चुनाव के लिए शहर में 285 बूथ बने
- प्रति एक बूथ पर 1120 के लगाभग मतदाता

### पुलिस ने चौकसी बढ़ाई संदिग्धों पर कड़ी नजर

चुनाव शांतिपूर्वक हो, ये प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती है। दो-तीन दिन पहले पुलिस ने कुछ सामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी मुठभेड़ के बाद की है। पुलिस का दावा है कि उम्मीदवारों की हत्या करने के फिराक में थे। घटना को अंजाम देते उससे पहले ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, ऐसा पुलिस अधिकारियों ने दो दिन पहले कहा है। ऐसे में पुलिस के लिए नगर निगम चुनाव किसी चुनौती से कम नहीं है। कोई भी अप्रिय घटना इस दौरान घट गई तो पुलिस की साख पर सवालिया निशान लग जाएंगे।

## पंपलेट व पोस्टर पर प्रिंटिंग प्रेस व प्रकाशक का नाम पता होना जरूरी : उपायुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने नगर निगम रोहतक तथा नगरपालिका कलानौर के आम चुनाव के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के लिए हिदायतें जारी की हैं। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधान 127 ए के तहत यह अनिवार्य है कि चुनाव पम्पलेट या पोस्टर पर प्रकाशक व प्रेस का नाम व पता अंकित होना अनिवार्य है। चुनाव पम्पलेट या पोस्टर पर प्रकाशक या प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता अंकित किए बिना ऐसे पम्पलेट या पोस्टर प्रकाशित नहीं किए जा सकते। कोई भी व्यक्ति चुनाव पम्पलेट या पोस्टर आदि जब तक प्रकाशित नहीं करेगा जब तक प्रकाशक को हस्ताक्षरित व दो व्यक्तियों द्वारा प्रमाणित घोषणा प्राप्त न हो। दस्तावेजों की प्रिंटिंग के बाद एक प्रति घोषणा तथा एक प्रति संबंधित दस्तावेज को अगर राज्य की राजधानी में प्रकाशित होता है तो मुख्य निर्वाचन अधिकारी और यदि इसका प्रकाशन जिले में होता है तो इसकी एक प्रति जिलाधीश को भिजवानी सुनिश्चित करनी होगी। किसी भी दस्तावेज की हाथ से कापी के अलावा अन्य तरीके से की गई अनेक कापी की प्रक्रिया को प्रकाशन माना जाएगा। चुनाव पम्पलेट या पोस्टर से मतलब कोई भी प्रकाशित पम्पलेट या अन्य दस्तावेज है, जिसका उद्देश्य चुनाव प्रत्याशी या चुनाव प्रत्याशियों के समूह को प्रमोट करना है। हालांकि किसी भी हैंडबिल, प्ले कार्ड या पोस्टर पर केवल चुनाव की तिथि, समय, स्थान अंकित होना तथा किसी चुनाव बैठक या चुनाव कार्यकर्ताओं या एजेंटो को दिए गए दिशा-निर्देश को चुनाव पम्पलैट या पोस्टर नहीं माना जाएगा।



## 75 किलो चूरापोस्त सहित ट्रक चालक गिरफ्तार

**एएनसी की टीम ने पंजाब के युवक को दबोचा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एएनसी की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ट्रक सवार युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। ट्रक से 69 किलो 820 ग्राम डोडा पोस्त व 5 किलो 950 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एएनसी प्रभारी मनोज ने बताया कि 19 फरवरी को एएनसी की टीम गांव भैणी महाराजपुर शुगर मील के पास एनएच-9 के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान सूचना मिली कि वरयाम नगर अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब निवासी युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है जो ट्रक में काफी मात्रा में नशीला पदार्थ लिए हुए है और रोहतक महम की तरफ आ रहा है। सूचना के आधार पर तुंरत कार्रवाई करते हुए पानी की डिग्गी के नजदीक गांव भैणी महाराजपुर पर नाकाबंदी करते हुए वाहनों की चैकिंग करनी शुरु की। महम की तरफ से आ रहे ट्रक सवार युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। आरोपी पर केस दर्ज किया गया है।

## प्रेम नगर में चोरी करने का आरोपी दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने प्रेम नगर में स्थित घर में घुसकर चोरी करने की वारदात में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि 22 अगस्त 2021 को श्रीभगवान निवासी हैफड़ रोड प्रेम नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 20 अगस्त 2021 को श्रीभगवान अपने घर में रात के समय सोया हुआ था। अज्ञात युवक रात के समय घर में घुसकर घर से करीब तेरह हजार रुपये व मोबाइल फोन चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 19 फरवरी को चोरी की वारदात में शामिल रहे आरोपी विक्की निवासी तेज कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ जिला रोहतक में चोरी व अन्य धाराओं के तहत करीब 11 मामले दर्ज है।



## बाइक चोरी के आरोप में चार युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो अन्य मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि गांव भैणी भैरो निवासी पंकज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 18 फरवरी को पंकज ने अपनी मोटरसाइकिल को नए बस अड्डा महम के पास खड़ी की थी। रात के समय वापिस आने पर पंकज को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। मामले की जांच उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप कुमार के दिशा निर्देशानुसार मामले की जांच प्रभारी पुलिस चौकी महम उप निरीक्षक पंकज द्वारा अमल में लाई गई। 19 फरवरी को आरोपी आनंद, कबीर, अजय निवासी व सुमित निवासी गांव भैणी मातो को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा चोरी की दो अन्य वारदातों को अंजाम दिया हुआ है। आरोपियों ने 15 फरवरी को सिविल अस्पताल महम से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। इसके अलावा आरोपियों ने 16 फरवरी को पुराना बस अड्डा महम के पास स्थित पट्रोल पंप के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया।

## यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक



**रोहतक।** हिंदू कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। सुनील दहिया ने ध्यान और मानसिक शांति पर व्याख्यान दिया। डॉ. मीनाक्षी गुगनानी ने स्वयंसेवकों के साथ गांव के तालाब का दौरा किया और जल संरक्षण पर समूह चर्चा की। इस चर्चा में पानी की बचत और तालाबों के संरक्षण के विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद जल बचाओ पर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लिया।




# भाजपा ने नगर निगम चुनाव के लिए प्रबंधन समिति गठित की, प्रदीप जैन संयोजक बनाए

**इन्हें भी जिम्मेदारी**

- अमरजीत सोलंकी, ओमप्रकाश बागड़ी और पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया को सहसंयोजक बनाया गया
- मीडिया प्रबंधन का कार्य प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक दखेंगे
- सोशल मीडिया संयोजक होंगे पंकज भारद्वाज
- चुनाव कार्यालय प्रबंधन मनोज शर्मा व कमल ढींगड़ा को सौंपा
- अतिथि सत्कार विभाग पंकज छाबड़ा संभालेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव जीतने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा ने रोहतक नगर निगम चुनाव के लिए चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। प्रदीप जैन को नगर निगम प्रबंधन चुनाव समिति का संयोजक बनाया गया है, जबकि मुख्यमंत्री के पूर्व ओसडी अमरजीत सोलंकी, पूर्व वाइज चैयरमैन ओमप्रकाश बागड़ी और पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया को सहसंयोजक बनाया गया। मीडिया प्रबंधन का कार्य प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक को दिया गया। सोशल मीडिया संयोजक पंकज भारद्वाज, चुनाव कार्यालय प्रबंधन मनोज शर्मा व कमल ढींगड़ा,अतिथि सत्कार विभाग पंकज छाबड़ा संभालेंगे। वहीं विधि विभाग, प्रशासन संपर्क की जिम्मेदारी एडवोकेट राकेश सपड़ा व एडवोकेट अंकुश बीडू सांसी को सौंपी गई है। समिति प्रबंधन के तहत जनसंपर्क व जनसभा आयोजन संयोजक राजकुमार कपूर, प्रचार सामग्री प्रकाशन एडवोकेट वजीर खोखर, प्रचार सामग्री वितरण धर्मेंद्र सैनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक शीशपाल चौहान व अजय शर्मा, बैठक और कार्यक्रम सूचना की जिम्मेदारी एडवोकेट संदीप जांगड़ा व राकेश कल्सन को दी गई है।

## मुख्यमंत्री 24 को शहर में करेंगे जनसभा



भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम चुनाव में जीत पक्की करने के लिए बिसात बिछानी शुरू कर दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारी भी नगर निगम चुनाव में तय कर दी गई है। जनसंपर्क शुरू हो गया है और 24 फरवरी को रोहतक में जनसभा होगी। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 फरवरी को सुबह दस बजे मेयर पद के प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकि के समर्थन में पुरानी आईटीआई मैदान में जनसभा करेंगे। जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हरियाणा मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। शमशेर खरक ने बताया कि भाजपा की नीतियों से जनता खुश है और जनता ने ही अपना आशीर्वाद देकर प्रदेश में दूसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है।

## 4 नेताओं को 22 वार्डों की जिम्मेदारी

भाजपा ने नगर निगम वार्डों के क्लस्टर इंचार्ज बना दिए हैं। हर वार्ड में जीत सुनिश्चित करने के लिए 4 वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारी लगाई गई है। भाजपा ने पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा को वार्ड– 9, 10, 11, 12, 13 का क्लस्टर प्रमुख बनाया है। वार्ड – 19, 20, 21, 22 की जिम्मेदारी सुशासन विभाग प्रदेश प्रमुख नागेंद्र शर्मा को दी गई है। वार्ड–5, 8, 7, 14 की क्लस्टर प्रमुख प्रतिभा सुमन, पूर्व चेयरमैन हरियाणा सरकार, वार्ड 3, 18, 16 के क्लस्टर प्रमुख राजकमल सहगल, पूर्व सिनियर डिप्टी मेयर बनाए गए हैं। वहीं वार्ड 6, 17, 15 की जिम्मेदारी पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भाटिया को सौंपी गई है। वहीं प्रकोष्ठो एवं विभागों के जिला प्रभारी डॉ. अशोक रंगा को वार्ड 1, 2 और 4 का क्लस्टर प्रमुख बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी चुनावी तैयारी में पूरी तरह से जुट गई है।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

### गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

### रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

### ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।

### जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

### अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल



बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

## मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *





-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

## घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

## सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



**बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से



सौम्य, बालोद


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

## रंग भरो 170



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### स्वस्थ जीवन शैली में होते हैं सकारात्मक परिवर्तन

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में आयोजित तीन दिवसीय ध्यान-योग कार्यशाला बृहस्पतिवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन आनंदमय वैदिक योगशाला, रोहतक के संचालक आचार्य नवीन और अलिजे जाखड़ का योग एवं ध्यान से संबंधित ओजस्वी उद्बोधन रहा। आचार्य नवीन ने अपने वक्तव्य में योग के सप्तम सोपान ध्यान की विधि के विषय में क्रियात्मक रूप से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि ध्यान की प्रारंभिक प्रक्रिया में राम नाम का मानसिक ध्यान करते हुए विचारों के आवागमन को निर्बाध रूप से सतत प्रवाहमान करते हुए ध्यान की प्रक्रिया को सम्पन्न किया जाता है।



### ईमानदारी और निष्ठा से ड्यूटी करें: कुल सचिव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बेहतर कार्य संस्कृति की स्थापना में हर कर्मी अपना योगदान दें। सकारात्मक सोच के साथ वर्क क्वालिटी मेंटेन करने का आह्वान एमडीयू कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने वीरवार को सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) भवन में अपने विजिट के दौरान प्राध्यापकों एवं कर्मियों से संवाद करते हुए किया। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने अपने प्रेरणादायी इंटरेक्शन में प्राध्यापकों एवं कर्मियों से टीम वर्क द्वारा अपना दायित्व पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने की बात कही। कहा कि एमडीयू कर्मी काम में खुशी ढूंढने की बजाए, खुश होकर कार्य करें। खासतौर पर सीडीओई कर्मियों से उन्होंने पब्लिक डिलिंग का कार्य पूरे धैर्य के साथ करें।

### आमजन की शिकायतों का प्रमुखता से समाधान शिविरों में किया जा रहा निपटारा, पात्रों को दिलाया जा रहा योजनाओं का लाभ

# समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर अधिकारी करें तुरंत कारवाई: एडीसी

**सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देशों का समाधान शिविरों में हो रहा पालन**

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

समाधान शिविर में आने वाली किसी भी शिकायत को लंबित न रहने दें। संबंधित विभाग शिकायतों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई कर उनका समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के चलते परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य लक्ष्य नागरिकों के सामने आ रही समस्याओं का समाधान करना है। ऐसे में लोगों के समक्ष बिजली, पेयजल और सीवरेज से संबंधित समस्याएं ना हों। यदि कहीं पर ऐसी समस्या हैं तो उनका त्वरित समाधान किया जाए। यह बात एडीसी नरेंद्र कुमार वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में आयोजित समाधान शिविर में कही। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पात्र लोगों की पेंशन बिना किसी विलंब के बनवाने का कार्य करें, यदि किसी व्यक्ति के जरूरी दस्तावेजों में किसी प्रकार की कमी रहती है तो उनको पूरा करवाकर और पोर्टल पर अपलोड करवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, बेसहारा, बौने और विदुर आदि विभिन्न पेंशन योजनाएं जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही हैं। ऐसे में कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

गांव हसनगढ़ निवासी धर्मवीर ने अतिरिक्त उपायुक्त से रास्ते की पैमाइश करवा कर पक्का करवाने की मांग की। रोहतक शहर निवासी सुरजीत ने वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर बिक्री किए जाने के की छानबीन करवाने और आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की मांग की। गांव बहुअकबरपुर निवासी दीपक बल्हारा ने दिव्यांगता पेंशन बनवाने की मांग की। इसी प्रकार से उत्तम विहार कॉलोनी निवासी जय भगवान ने अपने वोटर कार्ड में पता सही करवाने, वार्ड नंबर एक निवासी बलबीर ने राशन कार्ड बनवाने, महम निवासी बाला देवी ने परिवार पहचान पत्र से नाम दुरुस्त करवाने, लाखन माजरा निवासी अंजू ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने की मांग की।



रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एडीसी नरेंद्र कुमार।



फोटो :हरिभूमि

#### ये शिकायते लेकर पहुंचे फरियादी

समाधान शिविर में गांव कबूलपुर निवासी रामफल ने दिव्यांग पेंशन बनवाने, संजय नगर निवासी राजेंद्र ने वृद्धावस्था पेंशन बनवाने, गांधी नगर निवासी रानी ने उनके परिवार पहचान पत्र में जुड़े अनजान व्यक्ति का नाम कटवाने, डेयरी मोहल्ला निवासी योगेश ने जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रुकवाने की मांग रखी। गांव बहु अकबरपुर निवासी महेंद्र ने एडीसी को बताया कि उन्होंने अपने बच्चे को अपने भाई को गोद दिया हुआ है, ऐसे में बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता के नाम में बदलाव किया जाना है। उन्होंने इस कार्य को जल्द से जल्द करवाने की मांग की।

#### शिविर में ये अफसर रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी नागरिकों की शिकायतों को गौर से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। इस दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिन्द्र सिंह, कृषि उप निदेशक सुरेंद्र सिंह और सहायक जिला रोजगार अधिकारी रीचा आर्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### दूषित पानी की समस्या रखी

अतिरिक्त उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में जहां भी सीवरेज की लाइन ब्लॉकेज हैं, उनको प्राथमिकता से दुरुस्त किया जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। उन्होंने गर्मी के चलते जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी क्षेत्र में कोई पेयजल लाइन लीकेज है तो उसको तुरंत प्रभाव से ठीक करवाया जाए ताकि लोगों को लोगों के घरों में दूषित पानी न जाए।

# सान्या प्रथम और हीना रही दूसरे स्थान पर

- भारतीय संविधान विषयक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय संविधान के गौरवमयी इतिहास तथा अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए वीरवारको महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में- भारत का नियति से साक्षात्कार तथा भारतीय संविधान विषयक संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। भारतीय संविधान के 75वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित इस अंतर विभागीय तथा अंतर महाविद्यालयी संभाषण प्रतियोगिता में विधि विभाग की सान्या प्रथम रही। अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा विभाग की छात्रा हीना अहलावत द्वितीय स्थान पर रही। विधि विभाग की छात्रा अंकिता पांडे तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों सहित एमडीयू सीपीएएस, गुरुग्राम तथा संबद्ध महाविद्यालयों के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का दायित्व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. सरोजनी नांदल, संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवि प्रभात तथा इमसॉर की प्राध्यापिका डॉ. शैरी ने किया। डॉ. सरोजनी नांदल तथा डॉ. रवि प्रभात ने प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागियों को संभाषण में प्रभावी संचार के गुर बताए।कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने बेहतरीन ढंग से किया। सुनित मुखर्जी ने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को जागरूक, जिम्मेदार नागरिक होना होगा तथा भारतीय संविधान का गौरवशाली वालंटियर होना होगा।



#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम आयोजन तथा समन्वयन का दायित्व निर्वहन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी तथा उनकी टीम ने किया। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा इस कार्यक्रम के संयोजक रहे। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजेन्द्र शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, सांपला के प्राध्यापक डॉ. दीपक लठवाल, पीआरओ पंकज नैन समेत संबद्ध महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रभारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संवैधानिक मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के संकल्प तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एचडी लिटिल ब्लॉसम्स स्कूल में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सनसिटी में स्थित एचडी लिटिल ब्लॉसम्स स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवी तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ डायरेक्टर सुरेंद्र फौगाट ने रिबन काटकर किया। प्राचार्या जगवंती काद्यान ने बच्चों को खेल भावना और उसके महत्व के बारे में बताया। डायरेक्टर सुरेंद्र फौगाट ने कहा कि खेल न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि भविष्य को भी उज्ज्वल बनाता है। इस प्रतियोगिता में अनेक प्रकार की रेस, बैलून रेस, लैमन रेस, हल्ला हूप रेस, बैलेंसिंग रेस, स्केटिंग रेस आदि का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा चौथी से यश, दिव्यांशी, तीसरी से पूर्व, मनस्वी, दूसरी से आर्यश, तनिष्का, पहली से अयांश, वामिका, यूकेजी से संस्कार, ध्वनि, नर्सरी से अयांश, काव्या, नर्सरी से हर्षवर्धन, नायरा प्रथम रहे। योशना, सुदय, अक्षिता, थितिक, सानवी, सक्षम, यूवी, जय, अदिति, देवराज, दिशा, यूविक, वृति, ओजस ने द्वितीय तथा, परी, आराध्या, दक्ष, जिगिशा, पंकज, ईशा, मानव, आरोही, राघव, समायरा, मुदित, मायरा, मितांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्केटिंग प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से यश, दिव्यांशी, तीसरी से कैफ, अकिशा, दूसरी से आर्यश, अक्षिता, पहली से सक्षम, वामिका प्रथम रहे।





### आईएचटीएम में स्थापना दिवस पर डाली आहुति

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आईएचटीएम) में वीरवार को हवन यज्ञ के साथ संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने इस अवसर पर संस्थान की विकास यात्रा को गौरवशाली बताया। उन्होंने बताया कि एमडीयू का आईएचटीएम भारत में आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है और इसे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत एक युवा पर्यटन क्लब के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। यह संस्थान शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के मामले में सबसे आगे रहा है, जिसने एमडीयू के पहले स्टार्टअप, डैफेटेरिया, एक अग्रणी फूड ट्रक पहल को बढ़ावा दिया है। प्रो. आशीष दहिया ने कहा कि आईएचटीएम के पूर्व छात्रों ने भारत और विदेश दोनों जगह प्रसिद्ध संस्थानों और संगठनों में प्रतिष्ठित पद हासिल किए हैं, जिनमें राष्ट्रपति भवन और ताज, ओबेरॉय और हयात जैसे दिग्गज आतिथ्य ब्रांड शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो. संदीप मलिक, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. गोल्डी पुरी, डॉ. मनोज, डॉ. शिल्पी, डॉ. अनूप, डॉ. सुमेघ, डॉ. गौरव त्यागी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मांगों की ओर ध्यान नहीं दे रही सरकार

रोहतक। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक वीरवार को डिपो प्रधान नरेश सिवाच की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन डिपो सचिव जयकुंवार दहिया ने किया। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रिक बसें चलाने के निर्णय को रद्द करें और सरकारी बसें शामिल करें। उन्होंने सरकार और परिवहन मंत्री से अपील की कि रोडवेज के बेड़े में प्राइवेट किलोमीटर स्कीम की बसें नहीं लाकर सरकारी बसें शामिल करें और निजीकरण की नीतियों को बंद करें। उन्होंने कहा कर्मचारियों के मांग मुद्दों का बातचीत के माध्यम से निपटारा किया जाए। अगर सरकार इस ओर ध्यान नहीं देती तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन तेज करने पर मजबूर होंगे। मीटिंग में सतबीर मुंडाल, प्रदीप हुड्डा, राजीव आदि मौजूद रहे।



रोहतक। मीटिंग करते हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी।

### सद्गुरुदेव श्रीस्वामी बालकपुरी महाराज की पुण्यतिथि पर पुरिधाम में किया जा रहा भव्य आयोजन



**रोहतक।** सद्गुरुदेव श्रीस्वामी बालकपुरी महाराज की पुण्यतिथि पर पुरिधाम में भव्य आयोजन किया जा रहा है। पुरिधाम के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 फरवरी शुक्रवार शाम 5 बजे अमृतवाणी का पाठ होगा। 22 फरवरी शनिवार शाम 8 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमे भाई महावीर शर्मा ,आयुषी गम्भीर ,माता सत्यम देवा गुरू महिमा का गुणगान करेंगे। 23 फरवरी रविवार प्रातः 9 बजे विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। पुरिधाम धर्मशाला में प्रातः 9 बजे हरिनाम संकीर्तन आरम्भ होगा जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक साहिब सुल्तान साबी, विश्व प्रसिद्ध भजन गायिका अंजली द्विवेदी गुरु महिमा का बखान करेंगी। जानकारी देते हुए महाराज ने बताया कि पूरे पुरिधाम की रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है जिसकी अद्भुत छटा देखते ही बनती है इसके अतिरिक्त सैकड़ो क्विंटल विदेशी फूलों से दिव्य गुरुजनों की समाधि को सजाया गया है। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से संत महात्मा अपनी पवन स्थली से आकर पुरिधाम के प्रांगण को कृतार्थ करेंगे। इस संत समागम में पावन आशीर्वाद जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत कमलपुरी जी महाराज देंगे। आप सभी इस पावन अवसर पर अपने परिवार,बंधु बांधवो मित्रों सहित सादर आमंत्रित है आप आए गुरुजनों कु समाधि पर शीश नवा कर उपस्थित संतजनों का आशीर्वाद पाएं। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।



# आचार्य ने नरेंद्र कौशिक को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आचार्य विद्या स्वरूप महाराज वीरवार को जनता कॉलोनी पहुंचे जहां उन्होंने नरेंद्र कौशिक को आशीर्वाद दिया और सनातन धर्म का प्रचार किया। रामावतार शास्त्री ने उनका स्वागत किया। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। अग्नि पीठ के महामंडलेश्वर आचार्य विद्या स्वरूप महाराज गांव भैंसरु से जय मां गायत्री यज्ञशाला रुपया चौक पर पहुंचे, उन्होंने वहां श्री हरिहर धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिओम वशिष्ठ को आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि यज्ञ के प्रति शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा ने जो शुरुआत की थी आज पूरे विश्व में उसका प्रचार किया जा रहा है, इस कार्य को रोहतक में जय मां गायत्री यज्ञशाला शाला पर शुरू किया गया है, जिसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। गायत्री परिवार रोहतक के सदस्य हर सप्ताह हवन करते हैं, यह कार्य समस्त जीव कल्याण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, यज्ञ से ही समस्त जीव का कल्याण संभव है, ऐसा गीता में भगवान ने कहा है। इस अवसर पर रणधीर भारद्वाज, प्रेमदत्त कौशिक, चंद्रभान शर्मा, श्यामनाथ शर्मा आदि रहे।

**शिविर आयोजित** | वाईआरसी वॉलंटियर्स को समाज में बदलाव का आह्वान किया

# यूथ रेड क्रॉस कैंप के तीसरे दिन युवाओं को दिया समाज सेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वाईआरसी वॉलंटियर्स समाज में बदलाव के एजेंट बने। उनका कार्य न केवल लोगों की मदद करना है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना, आपातकालीन स्थिति में सहायता देना, सामाजिक सशक्तिकरण और समरसता को बढ़ावा देना भी है। यह आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने एमडीयू में संचालित पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस कैंप के तीसरे दिन वीरवार के कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वाईआरसी वॉलंटियर्स से किया। एमडीयू की यूथ रेड क्रॉस समिति, जिला रेड क्रॉस सोसायटी, रोहतक तथा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में एमडीयू में संचालित इस पांच दिवसीय शिविर में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि रक्तदान ही नहीं जीवन के हर क्षेत्र में रेड क्रॉस की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूथ रेड क्रॉस से जरिए युवा समाज और देश के उत्थान में अपना योगदान दें।

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने वाईआरसी वॉलंटियर्स से सकारात्मक सोच के साथ रेड क्रॉस के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने अनुशासन, टीम वर्क, समय प्रबंधन की महत्ता से वॉलंटियर्स को अवगत करवाया तथा जीवन में स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ रहने का मूल मंत्र दिया। उन्होंने वॉलंटियर्स को तनाव मुक्त रह कर आनंदमय जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस कैंप से मिले ज्ञान को समाज तक ले जाने कार्य वाईआरसी वॉलंटियर्स करें। चीफ कंसल्टेंट यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. राजकुमार ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. राजकुमार ने कहा कि वाईआरसी वॉलंटियर्स जनसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से आउटरीच से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा आउटरीच प्रोग्राम से जुडक़र अपने सामाजिक सरोकारों को पूरा करें। एमडीयू की यूथ रेड क्रॉस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान ने प्रारंभ ने स्वागत भाषण दिया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी, रोहतक के सचिव श्याम सुंदर ने आभार जताया।



#### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा सहयोग

वाईआरसी काउंसलर डॉ. कपिल मल्होत्रा, डॉ. धीरज खुराना, डॉ. कविता सिंह ने समन्वयन सहयोग दिया। इस अवसर पर सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल, सीडीएस के सीनियर कंसलटेंट प्रो. राधेश्याम, पीआरओ पंकज नैन, रेड क्रॉस के पूर्व सचिव आरपी सैनी, वाईआरसी काउंसलर डॉ. दीपक लठवाल, डॉ. विजय कुमार, डॉ. अमित कादयान, डा. अशोक कुमार, डॉ. सुनीता, डॉ. दीपिका यादव अन्य समेत वाईआरसी काउंसलर और वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। इस कैंप में आज सुबह के सत्र में रेड क्रॉस के पूर्व सचिव आरपी सैनी ने- हिस्ट्री एंड प्रिंसिपल्स ऑफ रेड क्रॉस विषय पर व्याख्यान दिया। इसके बाद सीडीएस के सीनियर कंसलटेंट प्रो. राधेश्याम ने- डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट विषय पर व्याख्यान दिया। दोपहर बाद के सत्र में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर में इस दौरान नेत्र जांच सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने वाईआरसी काउंसलर और वालंटियर्स के नेत्रों की जांच की और आंखों की सही देखरेख के टिप्स भी दिए।



### संवाद की व्यावहारिक जानकारी दी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) ने द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के सहयोग से फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया तथा शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में इस तरह के सहयोग के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में टेरी के विशेषज्ञों कीर्ति और उनकी टीम द्वारा संवादात्मक सत्र और व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों के लिए तीन प्रतियोगिताओं का समावेश था, जिससे उन्हें अपने कौशल का प्रदर्शन करने और नकद पुरस्कार जीतने का अवसर मिला। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने कार्यक्रम आयोजन में विशेष सहयोग दिया।

#### सूचना

मैं, संतोष पत्नी अशोक निवासी वार्ड-14, महम, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित व मेरी पुत्रवधु रेनू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म. नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खात्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

## खबर संक्षेप



### जवाहर नवोदय विद्यालय में बाल संसद आयोजित

**रोहतक।** गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बाल संसद का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाल संसद की कानून निर्माण प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बाल संसद कार्यक्रम में जिंदराण की सरपंच प्रमिला देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना, नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना तथा कानून प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करना है। विद्यालय के प्राचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सत्ता पार्टियों और विपक्ष पार्टियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय स्तर पर बाल संसद के माध्यम से विभिन्न पदों का चयन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, उप प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल मंत्री, पर्यावरण मंत्री आदि पदों पर छात्रों का चयन हुआ।

## टूरिस्ट बस और ट्रक के बीच टक्कर

# महाकुंभ स्नान कर लौट रहे तीन श्रद्धालु बने हादसे का शिकार, मौत

### यूपी के जोनपुर के नजदीक सरोखन गांव के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज. सांपला



महाकुंभ में स्नान कर घर लौट रही एक टूरिस्ट बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। यह हादसा यूपी के जोनपुर शहर नजदीक सरोखन गांव के पास हुआ। इस दर्दनाक हादसे में नया बांस गांव के तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों एक ही परिवार के बताए गए। इस हादसे में बस चालक राजकुमार और उसकी बहन शीला और चाची कमला बताईं गईं। मृतकों की पहचान 28 वर्षीय राजकुमार, बहन 35 शीला देवी और 60 वर्षीय महिला कमला देवी के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार की सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। चालक राज कुमार श्रद्धालुओं को लेकर दिल्ली लौट रहा था। तभी यूपी के प्रयागराज से निकलने के बाद जब बस जोनपुर शहर के पास पहुंची तो बस की ट्रक से टकर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा तहस नहस हो गया। चालक राजकुमार उसकी बहन शीला देवी और चाचा कमला देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 19 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोगों को सुबह घटना की सूचना मिली तो सभी में मातम छा गया। तभी परिवार के लोग गाड़ी लेकर घटना स्थल पर निकल गए। जिनके शव शुक्रवार को गांव में पहुंचेंगे।

### बस में थी करीब 48 सवारी

राजकुमार प्राइवेट टूरिस्ट बस चलता था। इससे पहले वह चार बार श्रद्धालुओं को स्नान करने ले जा चुका था। यह उसका पांचवा चक्कर था। बस में करीब 48 सवारी थी। इस बार उसके साथ उसकी बहन शीला और उसकी चाची कमला भी स्नान के लिए महाकुंभ गई थी। जिनकी इस हादसे में मौत हो गई। कमला के पति की पहले मौत हो चुकी थी, अब उनके पीछे एक बेटा तीन बेटी रह गई, जो सभी शादीशुदा है। चालक राजकुमार अविवाहित था।

# केनरा क्रेस्ट कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा

- करनाल अंचल कार्यालय के मार्गदर्शन में होटल पार्क क्वीन में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



केनरा बैंक, रोहतक क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के आह्वान पर करनाल अंचल कार्यालय के मार्गदर्शन में होटल पार्क क्वीन, रोहतक में केनरा क्रेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक के विशेष ग्राहकों को केनरा क्रेस्ट की सुविधाओं, नए बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख करनाल अंचल कार्यालय के जीए अनुपम तथा सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोहतक क्षेत्रीय कार्यालय के अतुल बंसल द्वारा ग्राहकों के साथ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात केनरा बैंक के संस्थापक अम्मेंबल सुब्बाराव पाई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाप्रबंधक जीए अनुपम तथा सहायक महाप्रबंधक अतुल बंसल ने ग्राहकों का शॉल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अतुल बंसल ने उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि केनरा क्रेस्ट कार्यक्रम विशेष ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग अनुभव और प्रीमियम सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने ग्राहकों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने और नए ग्राहकों को इससे जोड़ने का अनुरोध किया। जीए अनुपम ने बैंक की विकास यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैंक की नई पहलों, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं और ग्राहक-केंद्रित योजनाओं की जानकारी दी और ग्राहकों को बैंक के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख जीए अनुपम और सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख अतुल बंसल ने ग्राहकों को केनरा क्रेस्ट कार्ड वितरित किए, जिससे वे बैंक की विशेष सुविधाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में बैंक की 1906 से 2025 तक की यात्रा को दर्शाने वाली एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें बैंक की विरासत और महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन मंडलीय प्रबंधक रणधीर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### जन्मदिन के अवसर पर लगाया शिविर, 41 ने किया रक्तदान



**रोहतक।** हम और आप सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर चिराग बेरी, नकुल निझावन एवं संदीप बत्रा के जन्मदिन के अवसर पर लगाया गया। शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान संदीप ढुआ ने 60वीं बार रक्तदान किया। गुलशन निझावन, भारत भूषण, गुरप्रीत सिंह, संदीप ढुआ, अंकित जुनेजा एवं अजय अरोड़ा ने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान करने वालों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एसजेके कॉलेज में मनाया विश्व सामाजिक न्याय दिवस

- भारतीय संविधान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में बृहस्पतिवार को राजनीतिक विज्ञान विभाग व एससी-एसटी एवं माइनोरिटी सेल के संयुक्त तत्वावधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय संविधान एवं विश्व सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। भारतीय संविधान के तहत सामाजिक न्याय विषय पर आयोजित इस निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रीती ने, द्वितीय पुरस्कार कुसुम ने तृतीय पुरस्कार कोमल ने व सात्वना पुरस्कार खुशबू ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान सामाजिक न्याय को आधार प्रदान करता है और संविधान में उन सभी प्रावधानो का वर्णन देखने को मिलता है जो सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. रीतू लाल, डॉ. शालिनी शर्मा व डॉ. ममता रानी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्षा व एससी-एसटी एंड माइनोरिटी सेल की संयोजिका डॉ. ममता रानी ने किया।



### पठानिया स्कूल में रोबोटिक्स ऑटोमेटन स्पर्धा आयोजित

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स ऑटोमेटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के जरिए शैक्षिक रोबोट बच्चों को कम उम्र में गणितीय सोच के बुनियादी संज्ञानात्मक कौशल को विकसित करने में मदद करते हैं। निर्णायक कमल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को खूब सराहा। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की 16 टीमों ने भाग लिया। कक्षा आठवीं से सक्षम व सातवीं से देव की टीम प्रथम स्थान पर रही। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि रोबोटिक्स स्वचालन विभिन्न अनुप्रयोगों और प्रणालियों में उच्च मात्रा वाले कार्यों को स्वचालित करने में अति उत्तम है, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांड़ा, कार्यक्रम प्रभारी नीतू सेठी, समन्वक प्रभा शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर का हुआ समापन

- जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में कार्यक्रम आयोजित, योगाभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का वीरवार को समापन हुआ। अध्यापिका कृष्णा गिल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार के बाद ताड़ासन, वृक्षासन आदि का अभ्यास किया। छात्रों ने विद्यालय में वृक्षारोपण किया। इसके बाद तिलयार स्थित होटल मैनेजमेंट संस्थान का विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। संस्था व्याख्याता ने विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न विभागों जैसे किचन, फ्रंट ऑफिस, फूड एंड बेवरेज, हाऊसकीपिंग आदि का भ्रमण करवाकर विस्तारपूर्वक कार्य प्रणाली की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने ज्ञान अर्जित किया। एनएसएस कैंप में छात्र-छात्रों को खो-खो, फुटबॉल मैच करवाया गया। मैच के दौरान छात्राओं में एकाग्रता, नेतृत्व और आत्मविश्वास के गुणों का समावेश हुआ। इसके बाद रिटायर्ड कप्तान जगबीर मलिक ने एनएसएस के विद्यार्थियों को रक्षा के क्षेत्र में एवं अर्धसैनिक बलों में करियर के अवसर किस प्रकार प्राप्त हो सकते हैं इस बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल सेवा, देशभक्ति एवं देश की मिश्रित संस्कृति के आदर्शों का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उपप्राचार्या मशेंका, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमित बत्रा, रेखा, रुचि, कृष्णा गिल, संदीप राठी, जयदीप, राहुल सहित अन्य मौजूद रहे।



### लंबी कूद प्रतियोगिता में बच्चों ने किया शानदान प्रदर्शन, विजेताओं को नवाजा

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में छठी से बारहवीं तक के बच्चों ने लंबी कूद प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल अन्य बच्चों को भी सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना और निदेशिका सुनीता अहलावत ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**रोहतक।** व्याख्यान कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग की प्रोफेसर डॉ. वागेश्वरी देसवाल ।

### कानूनों का सही कार्यान्वयन आवश्यक : वागेश्वरी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में वीरवार को भारतीय संविधान के अंतर्गत नए आपराधिक कानून और उसके आयामः सामाजिक न्याय प्राप्त करने का एक साधन विषय विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग की प्रोफेसर डॉ. वागेश्वरी देसवाल ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। प्रो. वागेश्वरी देसवाल ने अपने प्रभावी संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान का उद्देश्य सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अंतर्गत नए आपराधिक कानून सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं। ये कानून न केवल अपराधों की रोकथाम करते हैं, बल्कि समाज में समानता और गरिमा को भी बढ़ावा देते हैं। समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए इन कानूनों का सही ढंग से कार्यान्वयन आवश्यक है, ऐसा प्रो. वागेश्वरी का कहना था। विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह ढुल ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया। व्याख्यान कार्यक्रम की कंवीनर डा. अंजलि ने आभार प्रदर्शन किया। डॉ. राहुल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. ऋषभ यादव, डॉ. परविन्द्र और सुमित ने समन्वयन सहयोग दिया। इस अवसर पर डॉ. सत्यपाल, डॉ. अनुसूया यादव, डॉ. प्रदीप, डॉ. अश्विनी, अशोक, साहिल देसवाल, अजय समेत विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्री शिव मंदिर में भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वार्ड एक स्थित श्री शिव मंदिर गांधीनगर में श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस उपलक्ष में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांधी नगर की गलियों व मार्गो से होती हुई कथा स्थल पहुंची । इसमे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथावाचक रामानुज दास, महंत रामा आश्रम ने अपनी वाणी से भक्तों का मार्गदर्शन किया। कथा व्यास रामानुज दास ने बड़े ही रोचक प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर प्रकाश डाला। कथा व्यास रामानुज दास महाराज ने अपनी मधुर वाणी में कृष्ण भजन प्रस्तुत किए गए। मंदिर प्रधान तिलकराज परुथी ने बताया कि इस भागवत कथा का आयोजन महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर किया जा रहा है। महंत अशोक दास महाराज ने भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में जितना अधिक संभव हो भागवत कथा का रसपान करके अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए। कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। कथा का समापन 26 फरवरी को होगा। इस अवसर पर सरपरस्त अशोक खुराना, सुरेंद्र मालवा, कमल गोसाई, अनिल नागपाल, पंडित संजय वशिष्ट, सोनू पंडित आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, बच्चों के स्वास्थ्य की हुई जांच




- रविंद्र कुमार राजकीय विद्यालय में कर्क्रम आयोजत

**रोहतक।** गांधी नगर स्थित शहीद रविंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य अस्पताल से डॉ. अश्वनी चहल, डॉ. निशा, भीम सिंह नांदल ( नेत्र विभाग), पूनम देवी ( फार्मेसी आफिसर ) ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर मुख्याध्यापक संजीव दांगी सहित अन्य मौजूद रहे।




**रोहतक।** महिलाओं को संबोधित करती बाल संरक्षण अधिकारी पूनम।

### बाल विवाह करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**रोहतक।** एमडीडी ऑफ इंडिया, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रोहतक द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय रामगोपाल कालोनी में "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं स्वास्थ्य सखी अभियान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बाल संरक्षण अधिकारी (एनआईसी) पूनम रंगा ने महिलाओं को बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि महिलाएं इस बात का ध्यान रखें कि उनके आसपास किसी बालक या बालिका का विवाह न हो। यदि कोई ऐसा मामला सामने आता है तो तुरन्त 112 नम्बर पर या महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर को जानकारी दें ताकि समय पर हस्तक्षेप करके बाल विवाह होने से रोका जा सके। अगर कोई बाल विवाह करता है या उसमें शामिल होता है तो ऐसे सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसमें 2 साल तक की सजा हो सकती है। उन्होंने महिलाओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में शामिल होने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों को पॉक्सो कानून के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर एमडीडी ऑफ इण्डिया के जिला संयोजक ने महिलाओं को बाल श्रम के बारे में जागरूक किया।

### खेवट की अधिग्रहित भूमि के लिए मुआवजा राशि की जाएगी वितरित

**रोहतक।** जिला राजस्व अधिकारी एवं भूमि अधिग्रहण कलेक्टर कनब लाकड़ा ने बताया कि जिला के गांव बखेता की खेवट संख्या-350-284 की भूमि एनई-5 दिल्ली-अमृतसर-कटरा राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है, जिसकी मुआवजा राशि का वितरण किया जाना है। इनके कार्यालय द्वारा बार-बार मुआवजा वितरण बारे नोटिस भेजने के बावजूद भी बखेता निवासी पनमेसरी, छोटो पुत्रीयान मजरो पुत्री जयलाल व ताराचंद पुत्र उदयराम पुत्र मजरो अभी तक कार्यालय में हाजिर नहीं हुए है। ऊपर वर्णित खेवट की अधिग्रहित भूमि के बारे में यदि उपरोक्त व्यक्तियों या उनके वारसान को कोई एतराज है तो वह स्थानीय लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के कमरा नम्बर-105 में 15 दिन के अंदर असालतन, वसालतन हाजिर आकर प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि के बाद मुआवजा राशि वितरित कर दी जाएगी।

**कार्यक्रम** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में कार्यशाला का चौथा दिन

# रिसर्च प्रॉब्लम्स, एनिमल एथिक्स और रिसर्च प्लानिंग पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

### चार सत्र में वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपनी-अपनी बात रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** कार्यशाला में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. जितेंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह देते प्रो. एससी मलिक, डॉ. वंदना गर्ग व प्रो. संतोष तिवारी।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (ईवीएस एंड बायोटेक्नोलॉजी) के नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों के लिए चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में संचालित शोध प्रविधि कार्यशाला में आज चौथे दिन वीरवारको वक्ताओं ने एसपीएसएस, रिसर्च प्रॉब्लम्स, एनिमल एथिक्स और रिसर्च प्लानिंग बारे विशेष व्याख्यान दिए। सुबह के सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. जितेंद्र कुमार ने- टेस्टिंग ऑफ हाइपोथेसिस यूजिंग एसपीएसएस विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रो. वीआर सिन्हा ने- रिसर्च प्रॉब्लम्स सिलेक्शन एंड इट्स एक्जीक्यूशन विषय पर अपनी बात रखी। तीसरे सत्र में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, के प्रो. दिनेश ढींगड़ा ने- एक्सपेरिमेंट्स ऑन एनिमल्स एथिकल कंसीडरेशन्स विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। चौथे सत्र में एमडीयू के फार्मेसी विभाग के प्रो. गोविंद सिंह ने- प्लानिंग रिसर्च स्ट्डीज फ्रॉम डिजाइन टू पब्लिकेशन विषय पर व्याख्यान दिया। इस दौरान कार्यशाला को ऑर्डिनेटर- डॉ. वंदना गर्ग और डॉ. मीनू, प्रो. एससी मलिक, प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, प्रो. संतोष तिवारी समेत फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग (ईवीएस एंड बायोटेक्नोलॉजी) के प्राध्यापक और नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थी उपस्थित रहे।

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित सम्पन्न करवाने के प्रति है कृत संकल्पः उपायुक्त धीरेंद्र

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी 28 फरवरी से आयोजित की जाने वाली माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं को नकल रहित सम्पन्न करवाने के लिए कृत संकल्प है। इन परीक्षाओं में परीक्षा केंद्रों में बाहरी हस्तक्षेप तथा नकल करने वाले विद्यार्थियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने अध्यापकों तथा अभिभावकों का आह्वन किया है कि वे 10वीं व 12वीं कक्षाओं में पढ़ रहे अपने विद्यार्थियों व बच्चों को परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग न करने बारे जागरूक करें। जिला प्रशासन द्वारा इन परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकलरहित सम्पन्न करवाने के लिए अन्य आवश्यक प्रबंध भी किए जा रहे हैं। परीक्षा केन्द्र की 100मी. की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार इत्यादि लेकर चलने तथा इस परिधि में स्थित फोटोस्टेट इत्यादि की दुकानों के व्यवसाय के बारे में भी आदेश जारी किए जाएंगे।